भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 18.08.2025

आरेडिका में स्वच्छता अभियान 2025 के प्रथम चरण का समापन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 1 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने हेतु महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में इंजीनियरिंग विभाग ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये। जैसे स्वच्छता शपथ, आवासीय परिसर में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु "स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत" की थीम के साथ प्रभात फेरी, स्काउट एवं गाइड के द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं काव्य पाठ, स्वच्छता सेल्फी बूथ, एडमिन तथा फैक्ट्री कार्यालयों में साफ–सफाई, सामूहिक श्रमदान के माध्यम से सौलर पेनल, मथना नाला के आस–पास साफ–सफाई, यूज ऑफ डस्टबीन, स्वास्थ्य कैम्प, जल निकायों ,शौचालय आदि की साफ–सफाई की गयी।

आरेडिका के जन सम्पर्क विभाग द्वारा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों जैसे– फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, यूट्यूब, पब्लिक एप आदि के माध्यम से इस मुहीम को जन–जन तक पहुचाने का प्रयास किया।

महाप्रबंधक महोदय ने 200 पौधों का रोपण कर स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के प्रथम चरण का समापन किया।

(आर.एन.तिवारी) 18/8/2025
मुख्य जन संपर्क अधिकारी